Seat No. : _______________

AB-110

April-2025

M.A., Sem.-IV

507 : Hindi

(शोध-प्रविधि)

Time : 2½ Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । प्रश्न-पत्र का सही क्रम ही उत्तरवही में लिखें ।

1. शोध और समीक्षा के तात्विक अंतर को स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

1. "एक प्रभावी शोध लिखने के लिए कौन-कौन से तत्व आवश्यक होते हैं" ? चर्चा कीजिए । **14**

2. ऐतिहासिक शोध के प्रमुख स्रोत कौन-कौन से होते हैं ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए । **14**

अथवा

2. साहित्यिक शोध के प्रमुख प्रकारों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **14**

3. "पांडुलिपियों के अध्ययन के साहित्य का इतिहास और संस्कृति पर क्या प्रभाव पड़ा है ?" इस कथन के संदर्भ में विभिन्न कालखंडों में पांडुलिपि परंपरा के इतिहास की समीक्षा कीजिए । **14**

अथवा

3. एक कुशल पांडुलिपि संपादक के लिए आवश्यक योग्यताएँ क्या होनी चाहिए ? संपादन प्रक्रिया में उनकी भूमिका का विश्लेषण करें । **14**

4. क्या पुस्तकालय और अंतर्जाल एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं ? शोध प्रक्रिया में दोनों उपकरणों की समीक्षा करें । **14**

अथवा

4. शोध पत्र-लेखन प्रक्रिया के प्रमुख चरणों की व्याख्या कीजिए । **14**

5. योग्य विकल्प चुनकर क्रमानुसार उत्तर दीजिए । (किन्हीं **सात**) **14**

   (1) पांडुलिपि संपादन की प्रक्रिया का पहला चरण कौन सा होता है ?

   (a) पांडुलिपि का मुद्रण (b) पाठ का संकलन

   (c) व्याकरण संशोधन (d) भूमिका लेखन

(2) तुलनात्मक शोध (Comparative Research) का मुख्य उद्देश्य क्या होता है ?

(a) केवल दो या अधिक चीज़ों का वर्णन करना ।

(b) केवल ऐतिहासिक तथ्यों का अध्ययन करना ।

(c) एक ही विषय को दोहराना ।

(d) विभिन्न तत्वों के बीच समानता और अंतर का विश्लेषण करना ।

(3) निम्नलिखित में से कौन सी भाषा वैज्ञानिक शोध का प्रमुख क्षेत्र नहीं है ?

(a) ध्वनिविज्ञान (b) वाक्यविज्ञान

(c) अंतरिक्ष विज्ञान (d) समाजभाषाविज्ञान

(4) निम्नलिखित में से शोध की सही परिभाषा कौन सी है ?

(a) केवल पुस्तकें पढ़कर निष्कर्ष निकालना ।

(b) वैज्ञानिक एवं विधिपूर्वक ज्ञान की खोज ।

(c) किसी भी विषय पर लेख लिखना ।

(d) ऐतिहासिक घटनाओं को याद करना ।

(5) पांडुलिपि संपादन में पाठ-संशोधन का मुख्य कार्य क्या होता है ?

(a) पांडुलिपि में नई सामग्री जोड़ना (b) पाठ को संक्षिप्त करना

(c) पाठ की त्रुटियों को सुधारना (d) मूल लेखक का नाम बदलना

(6) शोध के लिए उपयुक्त पर्यायवाची शब्द कौन सा है ?

(a) अन्वेषण (b) मनोरंजन

(c) आलोचना (d) कल्पना

(7) तुलनात्मक शोध करने के लिए कौन सी विधि सबसे अधिक प्रभावी होती है ?

(a) केवल प्राथमिक स्रोतों का उपयोग ।

(b) मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों पद्धतियों का प्रयोग ।

(c) केवल अनुमानों पर आधारित अध्ययन ।

(d) किसी एक स्रोत से प्राप्त जानकारी पर निर्भर रहना ।

(8) शोध (Research) का मुख्य उद्देश्य क्या होता है ?

(a) केवल जानकारी इकट्ठा करना ।

(b) नवीन ज्ञान की खोज और सत्यापन ।

(c) पहले से ज्ञात तथ्यों को दोहराना ।

(d) व्यक्तिगत विचारों का प्रचार करना ।

(9) अन्तर्विधाकीय शोध को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है कि

(a) विभिन्न विषयों की जानकारी और शोध पद्धतियों को समझा जाए।

(b) केवल एक विषय पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

(c) केवल प्रायोगिक अनुसंधान किया जाए।

(d) पारंपरिक शोध विधियों से बचा जाए।

(10) किस क्षेत्र में शोध की आवश्यकता नहीं होती ?

(a) चिकित्सा

(b) पर्यावरण अध्ययन

(c) साहित्य

(d) शोध सभी क्षेत्रों में आवश्यक होता है।

(11) शोध–पत्र लेखन की प्रविधि में पहला चरण क्या होता है ?

(a) निष्कर्ष लिखना

(b) विषय का चयन और समस्या का निर्धारण

(c) संदर्भ सूची तैयार करना

(d) शोध–पत्र प्रकाशित करना

(12) पांडुलिपि संपादन में 'प्रक्षिप्त पाठ' का क्या अर्थ है ?

(a) वह पाठ जो मूल लेखन में नहीं था, लेकिन बाद में जोड़ दिया गया

(b) पांडुलिपि का शीर्षक

(c) लेखक द्वारा लिखित मूल पाठ

(d) केवल फुटनोट्स में प्रयुक्त पाठ